an>

Title: Regarding fixation of sugar rates as per domestic and industrial use

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया।

हमारे देश में कैरोसीन की दरें, घरेलू उपयोग और औद्योगिक उपयोग के लिए अलग-अलग हैं। इसी धरती पर महाराष्ट्र सरकार ने 27.11.2017 को केंद्र सरकार के अन्न व पुरवठा मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है कि जिस तरह कैरोसीन की दरें अलग-अलग हैं, उसी धरती पर चीनी की दरें, घरेलू उपयोग और औद्योगिक उपयोग के लिए अलग-अलग हों। यह प्रस्ताव महाराष्ट्र सरकार ने भेजा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि जल्द से जल्द वह इस प्रस्ताव को मान्यता दे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री कपिल मोरेश्वर पाटील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।